विवरणिका
(Prospectus)

# विद्याभारती पब्लिक स्कूल

ग्राम - इमलीगाँव, नेवादा, जिला कौशाम्बी
उत्तर प्रदेश

मो0: 7754999639, 8853039451

**जहाँ शिक्षा व्यवसाय नहीं समाज सेवा है।**

Manager
Vidyabharti Public School
Imligaon Nevada
Distt. Kaushambi

Principal
Vidyabharti Public School
Imligaon, Nevada
Distt. Kaushambi

पीढ़ी को संवारने का संकल्प, विद्याभारती पब्लिक स्कूल की संकल्पना है, जिसका मानना है कि प्रत्येक श्वास प्रत्येक शब्द एवं प्रत्येक क्षण, बच्चे के विकास को प्रभावित करता है





## हमारी दृष्टि हमारी सोच

विद्याभारती में हमारा प्रयास है ऐसे नागरिको का निर्माण करना जिनकी सोच तो भूमण्डलीय विकास की हो, पर नैतिक मूल्य पूर्णतः भारतीय हो, जिससे वे इस विश्व में एक सकारात्मक बढ़त को बनाए रख सकें।

## हमारा लक्ष्य / उद्देश्य

विद्याभारती का लक्ष्य एक ऐसे दर्शन से प्रेरित है जिसमें छात्र एक चित्त होकर स्वयं से सीखने के मार्ग पर बढ़ते जायें विद्याभारती का यह अथक प्रयास होगा कि पिछड़े विद्यार्थियों को समान अवसर देते हुए, समस्त स्कूल स्टाफ, प्रबंध समिति एवं अभिभावकों के संयुक्त प्रयास से ज्ञान को मुहैया कराया जाये।



## विद्याभारती ही क्यों






''खेलों, सीखों तथा साथ - साथ आगे बढ़ो'' की मूलभावना से ओतप्रोत विद्याभारती एक ऐसा प्रयास है जो परिवर्जन का पर्याय है और यह भी शिक्षा के द्वारा एक सुनिश्चित दिशा में एक परिवर्तन है .........

जो बच्चों के प्रति हमारी अभिप्रवृत्ति ही बदल दे जिससे बच्चों के बढ़ने और विकास के प्रति हमारी समझ में बदलाव लाएं .......

वह माध्यम जिसके द्वारा हम बच्चों के सीखने की क्षमता का अहसास कर पाएं और मूल्यांकन कर सकें।

वह माध्यम जिसके द्वारा हम बच्चों को विकास के लिए अवसरों को मुहैया कराएं तथा वे अपनी सृजनात्मकता को व्यक्त कर सकें।

वह माध्यम जिसके द्वारा हम स्वयं बच्चों के सीखने की पारिस्थितिकी को निर्मित करें

वह माध्यम जिसके द्वारा हम बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों को बच्चों को समझने तथा उनकी बढ़ती हुई आवश्यकताओं के सहभागी बन सकें।



## विषय प्रवेश

इमलीगाँव शिक्षण सोसाइटी के तत्वाधान में स्थापित विद्याभारती पब्लिक स्कूल, भारतीय न्यास अधिनियम 1860 के तहत पंजीकृत एक गैर सरकारी शैक्षिक संगठन है और अपने विद्यार्थियों में उत्तम पुरातन मूल्यों को, जो भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता के मानक है, को संस्थापित करने के लिए पूर्णतः समर्पित है। अपनी विशिष्ट सेवाओं के द्वारा यह संस्थान न केवल अज्ञानता एवं निरक्षरता मिटाने को कृत संकल्प है अपितु देशभक्त संस्कारवान एवं जिम्मेदार नागरिकों के सृजन के लिए समर्पित है, जो योग्यता, कौशल एवं एकनिष्ठता में अतुलनीय हो। विद्यार्थियों के शारीरिक आयाम को निखारना ही हमारा अत्यंत महत्वपूर्ण लक्ष्य है जिससे कि विद्यार्थी को जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार किया जाता है विद्यार्थियों को मानसिक रुप से सजग रखना और समयानुकूल चुनौतियों के लिए तैयार रहना, देश के प्रति प्रेम एवं इसके मूल्यों के प्रति सम्मान प्रत्येक छात्र में कराने से स्थापित किये जाते है जिससे यह निष्ठावन एवं समर्पित नागरिक के रुप में देश के भावी विकास के लिऐ उपयुक्त हो।

## कुछ स्कूल के बारे में जानें

**आधारभूत ढांचा :-**

विद्याभारती की वास्तु सर्वोत्तम एवं आधुनिक तकनीक से निर्मित की गई है जिसमें दिल और दिमाग दोनों का समावेश है। इसका परिसर 5 एकड़ के विस्तृत भूभाग में फैला हुआ है इसके भवन का निर्माण आधुनिक वास्तुकला के अनुसार इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि विद्यार्थियों के विकास के लिए सुहावने पर्यावरण में पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो।

**सुविधाएँ और साज सज्जा :-**

कक्षायें विद्याभारती की शिक्षण कक्षाएँ आधुनिक सुविधाओं से पूर्णतः सुसज्जित है। हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों को सुरक्षित पर्यावरण और स्वस्थ वातावरण प्रदान करना है जिससे कि वे अध्ययन करते समय हल्का और प्रसन्नचित अनुभव कर सकें। यहाँ पर सीखना अधिक आरामदेह एवं तनावरहित है। विद्याभारती में विद्यार्थी स्वयं को घर जैसे निश्चिन्त महसूस करें। यही हमारा प्रयास है।

**क्रीड़ा :-**

यह स्कूल स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन की संकल्पना को, सही मायनों में तेज दिमाग के लिए आवश्यक मानता है अतएव स्कूल के शिक्षण कार्यक्रम की सबसे लोकप्रिय अवधि तब होती है जब पी.टी. होती है, क्योकि इसी समय बच्चों को विभिन्न प्रकार के खूलकूद जैसे :- फुटबाल, बॉसकेटबाल, टेबल टेनिस, वालीवाल, क्रिकेट, बैडमिंटन, लॉन टेनिस एवं एथलिटिक्स का प्रशिक्षण मिलता है। इसके अलावा अन्य क्रियाओं में भी विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार भाग लेते है। जैसे :- कि तैराकी और योगासन, उपरोक्त सभी खेलों की सुविधाएँ विद्यालय में उपलब्ध है ताकि बच्चे का सर्वागीण विकास हो सके।





### पुस्तकालय :-

यहाँ पर स्थित पुस्तकालय अपने सदस्यों को स्त्रोत-संसाधनों की एक विस्तृत आयाम देती है। ये संसाधन विद्यार्थियों की विशिष्ट शैक्षणिक जरुरतों को पूरा करने के लिए उपलब्ध करायें गए है । इस पुस्तकालय मे विभिन्न प्रकार की शिक्षण सामग्री एवं उच्च कोटि के ग्रंथो का संग्रह है । जैसे :- जर्नल, आवधिक पत्रिकाएँ, साप्ताहिक पत्रिका, मासिक, चौमासिक, समाचार पत्र व द्रव्य-दृश्य माध्यम / नई नई पठनीय सामग्री की पुस्तकालय में सतत् संग्रह इसे अद्यतन एवं उच्चीकृत रखने में सहायक है ।

### प्रयोगशाला :-

ज्ञानार्जन सामर्थ्य की अभिवृद्धि के लिए तथा सैद्धांतिक पक्ष की संकल्पनाओं को प्रायोगिक रुप से समझने के लिए स्कूल में सभी सुविधाओं से पूर्ण एवं सुसज्जित प्रयोगशाला है जिसमें पर्याप्त मात्रा में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान व गणितीय कौशल उपकरण उपलब्ध है ।

### कम्प्यूटर प्रयोगशाला :-

आधुनिक शिक्षण में कम्प्यूटर के ज्ञान के द्वारा नवीनतम और अद्यतन सूचनाओं को समझने के लिए कम्प्यूटर पर प्रशिक्षण हेतु पूर्णतः वातानुकूलित एवं सुसज्जित्त कम्प्यूटर प्रयोगशाला इंटरनेट सुविधा के साथ उपलब्ध है ।

## शिक्षण - व्यवस्था, पाठ्यक्रम एवं शिक्षणं का माध्यम



विद्याभारती केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली से सम्बद्ध होगा । शिक्षण व्यवस्था सीबीएसई (के.वि.स.) के पाठ्यक्रम पर आधारित है । परिसर में संचार एवं शिक्षण का माध्यम अंग्रेजी है तथा विभिन्न स्तरों पर अंग्रेजी शिक्षण की समुचित व्यवस्था है इसके साथ - साथ हिन्दी एवं संस्कृत भाषा में बेहतर श्रेणी प्राप्त करने के लिए स्कूल प्रयत्नशील है ।

## शैक्षिक सत्र

स्कूल का सत्र अप्रैल में आरम्भ अगले वर्ष मार्च में समाप्त है जिसका विवरण निम्नवत् है । सत्र 01 अप्रैल 2019 को आरम्भ

## प्रवेश हेतु आयु सीमा



प्रवेश हेतु आये सीबीएसई मानकों के अनुरुप / नर्सरी एवं पूर्व - प्राइमरी स्कूल : 3-5 वर्ष की आयु
प्रथम कक्षा एवं उसके आगे : 6 वर्ष ऊपर की आयु

## स्कूल का यूनिफार्म / गणवेश

छात्र : नेवी ब्लू पैंट एवं आसमानी नीली शर्ट / छात्रायें : नेवी ब्लू स्कार्ट एवं आसमानी नीली शर्ट

## स्कूल की शिक्षण अवधि

जूनियर विंग : प्रातः 8:30 बजे से अपराह्न 1:30 बजे / सीनियर विंग : प्रातः 9:00 बजे से अपराह्न 2:30 बजे



## माता - पिता / संरक्षकों के लिए दिशा - निर्देश

प्रवेश सम्बन्धी अन्य सभी सूचनाएं स्कूल के रिसेप्शन/स्वागत कक्ष पर उपलब्ध है ।
शुल्क सम्बन्धी जानकारी प्रवेश काउण्टर से प्राप्त करें । मिलने का समय प्रातः 11 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक है ।

